हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में छात्रों को...



14 सावन मास में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


# रिश्वतखोरी : जांच अधिकारी के सामने प्रभारी प्राचार्य ने लौटाये पैसे

## एडमिशन के नाम पर शिकायतकर्ता से लिए थे पैसे, डीईओ को नेतृत्व में पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- डीईओ ने प्राचार्य को निलंबित करने पालकों को दिलाया भरोसा

बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल में बच्चों के प्रवेश को लेकर लेनदेन का खेल खेला जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद 14 जुलाई को स्कूल में जांच करने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, सहायक संचालक राकेश शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन पहुंचे। जांच के दौरान जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव जनपद सभापति वेदेश्वरी



### रिश्वतखोरी कतई बर्दाश्त नहीं

शिकायतकर्ता टिकेश्वर सेन ने बताया कि ओपन क्लास के नाम पर मुझसे 5000 रुपए प्राचार्य खूबचंद सरसीहा द्वारा लिया गया है। जिस पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने सख्त लफ्जों में कहा कि शिक्षा के नाम पर रिश्वतखोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रवेश दिलाने के नाम पर जिनसे जिनसे भी पैसा लिया गया है उसे वापस करें और उस पालक से माफी मांगे। सभापति ईशान वैष्णव के आक्रोशित होने के बाद जांच करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे अन्य जांचकर्ता अधिकारियों एवं पालको और मीडिया के समक्ष प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा ने टिकेश्वर सेन से लिए गए पैसे को वापस किया।



यादव, प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, उपसरपंच विष्णु साहू, सहित बड़ी संख्या में पालक भी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष शिकायतकर्ता मीना गौड ने कहा कि एडमिशन के लिए मुझसे स्कूल की जनभागीदारी अध्यक्ष चित्ररेखा साहू ने चार हजार की मांग की थी, जिसमें मेरे द्वारा दो हजार ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### अर्जुनी पंचायत में ई रिक्शा से होगा घरों का कचरा कलेक्शन



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में 15 जुलाई को घरों से कचरा एकत्रित करने के लिए नई ई रिक्शा का पूजा अर्चना किया गया। ई-रिक्शा के माध्यम से गांव के प्रत्येक वार्ड में जाकर कचरे का कलेक्शन किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गांव को स्वच्छता बनाए रखने के लिए नई ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। अब प्रत्येक वार्डों में जाकर एवं घरों में दस्तक देकर कचरों को एकत्रित करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सरपंच कविता ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, चंदरोतीन साहू, कन्हैया कटारे, चित्ररेखा यदु, मालती साहू, प्रीति साहू, बिंदा भसगौरी, प्रेमचंद साहू, भगेला ध्रुव, जीवन साहू, विजय वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, धरमू साहू, यशवंत तिवारी, पार्वती ध्रुव, संजय रजक उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बाइक से फूल बेचने जा रहा व्यक्ति कार की टक्कर से घायल हो गया। घटना विंध्यवासिनी मंदिर किसनपुर के पास की है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पिथौरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुलिस को ग्राम गोलाझर जिला बलौदाबाजार निवासी वेदप्रकाश पटेल ने बताया कि वह 28 मई को मोटर सायकल क्र. सीजी04 पीएच 1127 से फूल बेचने पिथौरा जा रहा था, इसी दौरान विंध्यवासिनी मंदिर किशनपुर के पास मारूति इको क्र. सीजी 04 पीएल1578 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया। प्रार्थी ने इलाज कराने के बाद 14 जुलाई को आरोपी वाहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए पिथौरा थाने में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### धान फसल में ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** खेत में बोये गए धान में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना हो गई। मामले को लेकर सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी कामदेव नेताम पिता ज्ञान प्रसाद नेताम (20 साल) चारभाठा ने बताया कि 11 जुलाई अपने खेत की जोताई के लिए उसका भाई हरीश नेताम ट्रैक्टर को सुमित्रा खडिया के बोये हुए खेत को पार ले गया था।

## शासन की योजना धरातल पर फेल करने में जुटे जिम्मेदार पर नहीं हो रही कार्रवाई

# अंगूठा लगा पर राशन नहीं मिला, 15 दिन से दुकान बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

जिला बलौदाबाजार से महज 22 किलोमीटर दूर ग्राम सुहेला के शासकीय उचित मूल्य की दुकान बीते 15 दिनों से अधिक समय से बंद पड़ी है। शासन द्वारा 31 जुलाई तक राशन वितरण की समय-सीमा बढ़ाए जाने के बावजूद, केंद्र पर ताला लटका हुआ है, जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन के दस्तावेजों में तो 99.99 प्रतिशत वितरण पूर्ण बताया गया है, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल विपरीत है। इस स्थिति ने शासन की योजनाओं, जैसे कि चावल तिहार को केवल दिखावा साबित कर दिया है, जिनका वास्तविक लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा।




### आज, कल परसो करे के टाल रहे

सबसे गंभीर स्थिति यह है कि अधिकांश हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन पहले ही हो चुका है, लेकिन राशन वितरण नहीं हुआ है। जब ग्रामीण विक्रेता से पूछते हैं, तो वह केवल तिथि टालते हुए कल, परसों, या उस दिन कहकर गुमराह करता है।

### राशन लेने आ रहे ग्रामीण हो रहे हैं निराश

ग्रामीणों ने बताया कि वे प्रतिदिन अपने दैनिक कार्य छोड़कर राशन लेने केंद्र पर आते हैं, परंतु बिना किसी सूचना के उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। केंद्र पर यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह किस दिन खुलेगा, राशन वितरण का समय क्या होगा या किस तिथि से वितरण किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

ग्रामवासियों ने शासन से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं 100 फीसदी तभी सफल हो सकती हैं, जब उनका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचे।

### कल चालू करूंगा

कल से चालू करेंगे, आ रहे हैं, कल से देंगे हमारे पास और दुकान है वहां फंसे थे।

-रामकुमार साहू
सुहेला विक्रेता

### मैं बात करता हूं

ठीक है मैं उनसे बात करता हूं, फूड इंस्पेक्टर को बोलता हूं, जाकर चेक करेगा।

-पुनीत वर्मा, जिला खाद्य अधिकारी, बलौदाबाजार

## फर्जी मोबाइल सिम नंबरों को जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस ने फर्जी मोबाइल सिम नंबर एवं ऐसे नंबरों को जारी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी सिंचाई कालोनी निवासी 25 वर्षीय शुभम यादव उर्फ बब्बू को गिरफ्तार कियाहै। प्रकरण में मोबाइल नंबर धारकों से पूछताछ कर विस्तृत कथन लिया गया, जिन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा इसके नाम, पता व आईडी का गलत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर छल कपट करते हुए,



इनके नाम से मोबाइल सिम नंबर को जारी कर, किसी अन्य व्यक्ति को सिम देकर लाभ प्राप्त किया गया है। उनके द्वारा उक्त सिम को कभी भी क्रय या उपयोग नहीं किया गया है और ना ही सिम ▶▶ शेष पेज 13 पर

### एक अन्य व्यक्ति को भी काम पर रखा था

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 420 भादवि, 66 सी, 66 डी आईटी एक्ट का पृथक-पृथक 02 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पीओएस संचालक आरोपी शुभम यादव से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें यह पता चला कि आरोपी वर्ष 2021 से मोबाइल दुकान पर आइडिया / वोडाफोन कंपनी में डीएसई का काम करता था। आइडिया / वोडाफोन कंपनी का सिम विक्रय करने हेतु अपने लिए एवं अपने नाम से लागू आईडी बनाया था तथा सिम सेल्स करने का काम करता था। उसके द्वारा एक अन्य व्यक्ति को भी काम पर रखा गया था, जिसके द्वारा गांव-गांव घूम कर सिम का विक्रय किया जाता था।

## मोदी की गारंटी पूरा कराने अधिकारी-कर्मचारी का आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सचिव मनोज कुमार दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। फेडरेशन के बैठक में तय हुआ है कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था। वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है। कलम रख, मशाल उठा आंदोलन की तैयारी को लेकर आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई। विदित हो कि फेडरेशन ने कर्मचारी हित में पुनः 11 सूत्रीय ज्ञापन राज्य सरकार को दिया है। फेडरेशन से घटक संगठनों डॉ. एलएस ध्रुव अध्यक्ष फेडरेशन बलौदाबाजार जिला अविनाश तिवारी, ▶▶ शेष पेज 13 पर



### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को बलौदाबाजार जिले के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा। यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया तो 22 अगस्त 25 को बलौदाबाजार के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे।उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा।

## साइबर ठगी के 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- म्युल खाता के माध्यम से आरोपियों ने 3,20,948 का ट्रांजेक्शन किया, सभी आरोपी भाटापारा के

सायबर ठगी में हेराफेरी करने के 7 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के अलग-अलग वार्ड के निवासियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों में भाटापारा के रहने वाले हैं, जिसमें बजरंग वार्ड निवासी रोहित शोभवानी 24 वर्ष, सूरज दास मानिकपुरी 25 वर्ष निवासी मुंशी इस्माइल वार्ड, वसीम खान 39 वर्ष निवासी सेंट मेरी कॉलोनी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, लेखराम विश्वकर्मा 19 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मोहम्मद अजीत 32 वर्ष निवासी नयापारा वार्ड टावर लाइन कृष्णा नगर, मनीष राय 25 वर्ष निवासी पंचशील नगर गुरुनानक वार्ड, दयाशंकर रजक 32 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड शामिल है। आरोपियो के म्युल खातों में कुल 3,20,948 का ट्रांजेक्शन होना पाया गया है। भाटापारा शहर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बैंकों के म्यूल एकाउंट खाता धारकों के अवलोकन/जांच पर पाया गया कि थाना क्षेत्र के ▶▶ शेष पेज 13 पर



## केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने इस परियोजना को दी है हरी झंडी

# नेशनल हाईवे 130 B फोरलेन सड़क निर्माण के लिए जिले में भूमि खरीदी-बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर से सारंगढ़ को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग NH-130B के फोरलेन निर्माण के तहत बलौदाबाजार जिले से गुजरने वाली सड़क के दोनों ओर स्थित ग्रामों की भूमि पर अब खरीदी-बिक्री, बंटवारा और नामांतरण जैसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय बलौदाबाजार कलेक्टर द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से लागू किया गया है।

प्रशासनिक आदेश के तहत बलौदाबाजार जिले के पलारी राजस्व अनुविभाग, बलौदाबाजार राजस्व अनुविभाग और कसडोल राजस्व अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले गांवों की भूमि रजिस्ट्रियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। इसका उद्देश्य फोरलेन सड़क परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुचारू बनाना है।




### परियोजना दो चरणों में विभाजित

प्रथम चरण: रायपुर विधानसभा क्षेत्र से बलौदाबाजार की सीमा तक 53.1 किलोमीटर दूरी के लिए 844 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। द्वितीय चरण: 53.1 से 85.6 किलोमीटर दूरी तक की सड़क के लिए 650 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है।

### 1494 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की

गौरतलब है कि वर्तमान में रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग दो लेन का है, जिस पर भारी ट्रैफिक का दबाव रहता है। इस मार्ग के आसपास कई बड़े सीमेंट उद्योग और अन्य औद्योगिक गतिविधियां संचालित होती हैं। फोरलेन सड़क निर्माण से न केवल औद्योगिक परिवहन में सुविधा होगी बल्कि दुर्घटनाओं की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस परियोजना को हरी झंडी दी गई है। भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने रायपुर से बलौदाबाजार तक इस फोरलेन सड़क परियोजना के लिए कुल 1494 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

## यातायात पुलिस ने 10 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- न्यायालय ने लगाया अलग-अलग प्रकरणों में 1.06 लाख का अर्थदंड

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा सिमगा, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 10 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़े





गए।

पुलिस द्वारा इन सभी 10 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए इनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय ने 8 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10 -10 हजार का अर्थदंड, 1 प्रकरण में 11 हजार और 1 प्रकरण में 15 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया है। ▶▶ शेष पेज 13 पर

# तीसरे चरण में कटऑफ पहुंचा 48%, दुर्गा-महंत में बीए की 50 प्रतिशत सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में तीसरे और अंतिम चरण की मेरिट लिस्ट सोमवार को जारी कर दी गई है। पहले चरण की मेरिट लिस्ट 25 जून को जारी की गई थी।

इस दौरान महाविद्यालयों में कटऑफ 80% से ऊपर पहुंच गया था। अधिक मांग वाले कई पाठ्यक्रमों में यह कटऑफ 90% पार कर गया था। तीसरे चरण की सूची जारी होने तक स्थिति बदल गई है। अब द्वितीय श्रेणी वाले विद्यार्थियों को भी आसानी से दाखिला मिल सकेगा। राजधानी के शीर्ष महाविद्यालयों में भी सीटें रिक्त रह गई हैं।

सोमवार को रविवि ने कॉलेजों को सूची सौंपी। इसके आधार पर महाविद्यालयों द्वारा मंगलवार को मेरिट लिस्ट जारी की जानी थी, लेकिन एक दिन पहले ही स्क्रूटनी करते हुए मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। जिन छात्रों के नाम सूची में हैं, उन्हें 25 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। इसके पश्चात शासकीय व निजी दोनों ही संस्थानों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।




■ सोमवार को जारी की गई महाविद्यालयों में तीसरी व अंतिम चरण की सूची



■ प्रथम चरण में कटऑफ था 80% पार, बीबीए-बीसीए की सीटें लगभग पैक्ड

### बीए में रूझान कम

छात्रों का बीए में रूझान कम हुआ है। प्रोफेशनल कोर्स की सीटें पहले चरण में ही 80% भर गई थी। - **डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य, महंत कॉलेज

### नियमित अध्यापन जरूरी

व्यक्तित्व विकास के लिए नियमित अध्यापन जरूरी है। छात्रों को इसकी अहमियत समझाने की जरूरत है। सीटें रिक्त हैं, द्वितीय श्रेणी वाले विद्यार्थी भी प्रवेश ले सकते हैं।
- **डॉ.प्रोतिभा मुखर्जी,** प्राचार्य, दुर्गा महाविद्यालय

### बीए की 500 सीटों में से 102 में ही प्रवेश

बीए को लेकर छात्रों में तेजी से रूझान घटा है। इसके स्थान पर बीबीए और बीसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में छात्र अधिक तेजी से प्रवेश ले रहे हैं। नई व्यवस्था के अंतर्गत जिले के ऑटोनॉमस महाविद्यालय साइंस कॉलेज, डिग्री गर्ल्स कॉलेज और छत्तीसगढ़ कॉलेज ने अपनी मेरिट लिस्ट पृथक रूप से जारी की है। महंत कॉलेज में 30 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं। यहां तीसरे चरण में बीए का कटऑफ 48 प्रतिशत रहा। यहां बीए की 150 सीटें रिक्त हैं, जो कुल सीट का 50 फीसदी है। इसी तरह बीकॉम का कटऑफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसके उलट बीबीए में अंतिम प्रवेश 65% और बीसीए में अंतिम प्रवेश 70% पर हुए हैं। दुर्गा महाविद्यालय में बीए की 500 में से 102 सीटें ही भर सकी हैं। बीकॉम की 860 सीटों में से आधी रिक्त हैं। यहां बीबीए में कटऑफ 60% और बीसीए में 50% रहा।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा का छत्तीसगढ़ नगर के इलाकों में भ्रमण

**रायपुर।** अखंड दीपक प्राकट्य एवं वंदनीया माता के शताब्दी वर्ष 2026 ज्योति कलश यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को संतोषी नगर गायत्री प्रज्ञापीठ के समस्त परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कलश यात्रा छत्तीसगढ़ नगर, संजय नगर, सुदामा नगर, टिकरापारा, मठपारा, गुरुकुल कालीबाड़ी, पेंशनबाड़ा, धरमनगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में दीपयज्ञ संपन्न किया गया। इस यात्रा में नागरिक बड़े उत्साव के साथ शामिल हुए। एचएल साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सुभाष तिवारी, जानकी निषाद, अनिता साहू, केशर सेन, निर्मला साहू, कृष्णा साहू आदि शामिल थे।

### बैज के जन्मदिन पर बच्चों को बांटी स्टेशनरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया। कमेटी के प्रदेश सचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री बैज ने अपने जन्मदिन की पूर्व बेला में निवास पर बच्चों के बीच केक काटा और फिर उन्हें कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल, रबर, शार्पनर वितरित किए। इसके बाद बच्चों को केक, नास्ता, मिठाई, बिस्किट, चॉकलेट भी दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजू ठाकुर, संतोष राव, गोपी जाल, हेमंत पटेल, जितेंद्र यादव, नरेश नवानी, वोकेश देवांगन, मो. तहसीन, पंकज ठाकुर, पारस धीवर, विनायक तिवारी, निर्मल बाग आदि उपस्थित थे।

### साहित्यकार संजीव ठाकुर का सम्मान




**रायपुर।** वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को साहित्यकार संजीव ठाकुर सम्मान पत्र देकर विभूषित किया गया। इसके अलावा कवि श्री ठाकुर को 6 जुलाई को भोपाल निर्दलीय प्रकाशन समूह द्वारा वैश्विक साहित्य सम्मान, सरस्वती प्रज्ञा सम्मान दिया गया। भोपाल तथा रायपुर में तीन साहित्यिक पुरस्कारों से नवाजे गए। कवि लेखक मुकेश गुप्ता की कृति 'क्या करूं उलझनें सुलझती ही नहीं' के विमोचन एवं इसी विषय पर खुली चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जेके डागर, वीरेंद्र शर्मा, शोभा शुक्ला, रुपाली चक्रवर्ती, मनोज मसंद एवं अन्य अतिथियों को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर साहित्यकार राजेश जैन राही, डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर, राजेंद्र ओझा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, पल्लवी झा, रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

# उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में छात्रों को मिला बोनस अंक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर सोनी ने सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को साक्षरता बढ़ाने जरुरी सहयोग एवं समन्वय करने के निर्देश दिये। जिले में पहली बार विभिन्न विकासखण्डों के कक्षा 10वीं के 137 एवं 12वीं के 130 छात्र-छात्राओं ने 10 असाक्षरों को साक्षर कर मार्च की साक्षरता की महापरीक्षा में सम्मिलित कर उत्तीर्ण कराया और अपने मुख्य परीक्षा में बोनस अंक के 10 अतिरिक्त अंक अर्जित किये।

बैठक में जनपद सीईओ पंचायत को सचिव एवं रोजगार सहायक का सहयोग देने, कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनएसएस तथा एनसीसी के विद्यार्थियों से सर्वे कार्य में सहयोग एवं स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने का आह्वान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्वे कार्य में सहयोग एवं स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने हेतु निर्देश जारी करने को कहा गया है।

इसी तरह स्वास्थ्य विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, कृषि, पशु पालन,खेल विभाग कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक एण्ड सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को अवश्क निर्देश दिये गए।

जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण आर. सोमेश्वर राव ने बताया कि इस वर्ष राज्य से जिला को 26250 शिक्षार्थियों तथा 2625 स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे करने एवं उसका उल्लास एप में प्रविष्टि करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 5 घटकों का समावेश किया गया है। इसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल जैसे वित्तीय, कानूनी, डिजिटल, पर्यावरण, मतदान साक्षरता, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा तथा सतत शिक्षा शामिल है।

जिला का पुरुष साक्षरता दर 84.40 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता दर 64.94 प्रतिशत है तथा जिला का साक्षरता दर 74.67 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 के लिए प्राप्त लक्ष्य 26250 शिक्षार्थियों का सर्वे कर उल्लास एप में प्रविष्टि की जायेगी तथा वे मार्च 2026 के साक्षरता के महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को ग्राम/वार्ड प्रभारी बनाया गया है तथा उनके मार्गदर्शन में उस संस्था के समस्त शिक्षक सर्वे कार्य व उल्लास एप में प्रविष्टि का कार्य 31 जुलाई 2025 तक सम्पन्न करेंगे। सभी विभाग ग्राम/वार्ड के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को सहयोग प्रदान करने के लिए अपने अमले को निर्देशित करेंगे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ की कार्यकारिणी बनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ पलारी के कार्यकारिणी एवं परिषद का गठन बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी में किया गया। इस मौके पर जिला सचिव जगदीश साहू एवं जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी कला पाटकर की उपस्थिति रही। संघ के गठन समारोह का स्वागत उद्बोधन विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलारी नरेश कुमार वर्मा ने दिया। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव ने स्थानीय संघ के गठन के संबंध में विस्तार से जानकारी बताते हुए गठन की प्रक्रिया पूरी करवाई। स्थानीय संघ के पदाधिकारी के रूप में पवन वर्मा, अरुण वर्मा, रोमेश चंद्र खोटे, रामविशाल पटेल, निलीमा चरणदास कोसले, अश्वनी, दाऊ लाल बांधे, मिथलेश मुकेश साहू, सहायक जिला आयुक्त गाइड पदमिनी ध्रुव प्राचार्य खरतोरा, स्थानीय कोषाध्यक्ष सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलारी सतीश महेश्वरी, सचिव संजीव कुमार पटेल, संयुक्त सचिव रामकुमारी पटेल, सह सचिव ईश्वर लाल साहू, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट दिनेश कुमार साहू एएलटी स्काउट, संस्थागत सदस्य प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह राजपूत, प्राचार्य जारा, कविता ध्रुव प्राचार्य चरौदा, रेंजर प्रतिनिधि अंजलि बैरागी, स्काउटर प्रतिनिधि चुम्मन लाल नारंगे, राधेश्याम खरे, भरत लाल साहू, गाइडर प्रतिनिधि मेघा पाटकर, रेखा वर्मा, संतोषी साहू को मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा से एम.सुधीश शामिल होकर आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पलारी में पौधारोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम का संदेश दिया। संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर स्थानीय संघ को मजबूती प्रदान करेंगे और बच्चों के हित में काम करेंगे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने स्थानीय संघ को मजबूती प्रदान करने पर विशेष बल दिया। तीन साल में 32 राज्य पुरस्कार अवार्ड स्काउट गाइड को सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड के स्काउटर दिनेश कुमार साहू ए.एल. टी., ईश्वर लाल साहू, चुम्मन लाल नारंगे, राधेश्याम का विशेष सहयोग रहा।

# युक्तियुक्तकरण में स्थानांतरित शिक्षकों को स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, लाहोद के प्रांगण में एक स्नेहमयी विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर शिक्षक रोहित पटेल एवं शिक्षिका हारबाई बघेल को युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत अन्य विद्यालय में स्थानांतरित किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। दोनों शिक्षकों ने शाला के शैक्षिक वातावरण को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनके प्रति शाला परिवार ने आत्मीय कृतज्ञता व्यक्त की। इसी क्रम में, शासकीय प्राथमिक शाला लाहोद का समायोजन भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद में किया गया। प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका संगीता पटेल ने विधिवत रूप से अपने समस्त दायित्व एवं प्रभार पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मथुरा प्रसाद वर्मा को समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति में सौंपा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए वातावरण को भावुक एवं प्रेरणास्पद बना दिया। मथुरा प्रसाद वर्मा, प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी समायोजित शिक्षकों का आत्मीय अभिनंदन करते हुए कहा कि "बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। समर्पण एवं सहयोग से हम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होंगे । इस गरिमामय अवसर पर पूर्व प्रधान पाठक तिलकराम वर्मा, सरोज वर्मा, यशवंत वर्मा, छवि पटेल, चंद्रकली बंजारे, रामप्रसाद लहरी, महेश्वरी टंडन, वेद प्रकाश पटेल, सरोज पटेल, कुंती पटेल, नमिता साहू तथा भृत्य विनय पैकरा की उपस्थिति ने समारोह को विशेष आत्मीयता प्रदान की।

शाला परिवार ने रोहित पटेल एवं हारबाई बघेल को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समायोजित समस्त शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया।

# जनपद सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, बलौदाबाजार (डीपीआरसी) में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय आवासीय आधारभूत, अभिमुखीकरण प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल, जिला पंचायत एवं दिनेश चंद्राकर, प्राचार्य डीपीआरसी के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार 14 जुलाई को आरंभ हुआ। पंजीयन एवं स्वागत उपरांत प्रतिभागियों से परिचय, अपेक्षाएं ली गई। यह तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण पंचायती राज संरचना के महत्वपूर्ण एवं आधारभूत जानकारी के साथ ही सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के दिशा में सार्थक होगा। पंचायती राज व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण में जनपद सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 73 वां संविधान संशोधन जनपद पंचायत सदस्यों के कर्तव्य एवं अधिकार तथा कामकाज एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज की जानकारी सहित सभी विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पी.आर. यदु एवं भागीरथी वर्मा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सभी जनपद से 8-8 कुल मिलाकर 40 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया था।

### छग के स्थापना दिवस पर शिवसेना की बाइक रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर शिवसेना कार्यकर्ता और पदाधिकारियों द्वारा बाइक रैली स्टेशन चौक हनुमान मंदिर से संजय मार्केट गुरुनानक चौक, एमजी रोड शारदा चौक, तात्यापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, जोन क्रमांक 5, आश्रम चौक, राजकुमार कॉलेज होते हुए शिवसेना प्रदेश कार्यालय चौबे कॉलोनी में समाप्त होगी। इसके बाद शिवसेना के प्रदेश प्रमुख, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को संबोधित कर आगामी कार्ययोजना, छत्तीसगढ़ हित, आमजन के हित के लिए उत्साहित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महासचिव संजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# संयंत्र आसपास के गांवों में रोपण कर रहा पौधा




**बलौदाबाजार।** श्री सीमेंट आसपास के ग्राम, विद्यालयों और आंगनबाड़ी में पौधारोपण कर लोगों को जागरूक कर रहा है। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष 3500 पौधे लगाए जाएंगे। मंगलवार को ग्राम खपराडीह के विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में श्री सीमेंट के इकाई प्रमुख हुकम चंद गुप्ता और अनिल कुमार पाठक, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख ने पौधारोपण किया और ग्रामवासियों के साथ इस संदर्भ में चर्चा की और पौधे लगाने की बात कही।

गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने शाला भवन का निरीक्षण कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही शाला में अध्ययनरत छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए हर परीक्षा में अब छात्राएं प्रथम आ रही है। आप लोग भी खूब मेहनत करो आपको आगे आने से कोई रोक नहीं सकता। अपना विकास ऐसा करो की नौकरी नहीं मालिक बनकर रोजगार दे सके कहते हुए छात्र छात्राओं में साहस भरा। पाठक ने कहा कि इस वर्ष हम कुल बीस हजार पौधों का रोपण कर रहे हैं और हमारे समस्त क्षेत्रवासियों का कर्तव्य है कि उनकी देखभाल करें।कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच गजेन्द्र वर्मा ने अथक सहयोग करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम हमारा आस्था से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे हम सफल बनाएंगे।

इस अवसर पर उपसरपंच मधु हेमंत नायक, पंचगण में मोनिका बघमार, अशोक भारद्वाज, प्रदीप निर्मलकर, परमेश्वर साहू और बलराम वर्मा' शिप्पू बघमार, सीएसआर से अभय प्रताप सिंह, अशोक वर्मा, वीरेंद्र बघेल के साथ-साथ ग्रामीण जन भी उपस्थित थे। इसके अलावा, ग्राम सत्तादार भोजराम वर्मा, उपसत्तादारगण ओंकार बघमार और अनिरुद्ध बघमार भी मौजूद थे। ग्रामवासी कमल नारायण बघमार और दुर्गेश वर्मा भी उपस्थित थे।

# बांड पोस्टिंग की काउंसिलिंग पूरी, अब आर्डर के चक्कर में अटकी ज्वाइनिंग

- पहली सूची वालों को पोस्टिंग आर्डर दिए, अन्य तीन लिस्ट में शामिल डॉक्टरों को भूला विभाग
- अनुबंध सेवा देने वाले डॉक्टर लगा रहे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर, संतोषजनक जवाब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बांड पोस्टिंग की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद विभाग डाक्टरों को पोस्टिंग आर्डर ही देना भूल गया है। इस चक्कर में करीब सौ चिकित्सा अधिकारी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं कर पा रहे हैं। काउंसिलिंग के बाद बड़े कार्यक्रम में पहली सूची वालों को पोस्टिंग आर्डर दिए गए हैं। उसके बाद की तीन सूची में शामिल डॉक्टरों को अटका दिया गया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले बांडेड डॉक्टर स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा छात्रों को दो साल की अनुबंध सेवा पूरी करनी होती है। इस अवधि के दौरान उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी दी जाती है। इस बार बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई है और चार लिस्ट बनाकर प्रदेशभर के जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में तैनाती की गई। पहली सूची में शामिल कुछ डॉक्टरों को एक वृहद कार्यक्रम में पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया। इसके बाद तीन अन्य सूची के करीब सौ डॉक्टरों को पंद्रह दिन से ज्यादा का वक्त बीतने के बाद भी पोस्टिंग आर्डर नहीं दिया गया है। इसे लेकर डॉक्टरों में असंतोष की स्थिति बनने लगी है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं होने की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने के कारण उनकी बांड अवधि आगे बढ़ रही है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि इस बारे में उनके द्वारा स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों से मुलाकात की गई, मगर उनकी ओर से किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है।

### सीजीडीएफ ने जताई आपत्ति

बांड पोस्टिंग की सूची जारी करने के बाद भी एमबीबीएस पासिंग आउट डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र नहीं दिए जाने के मामले में छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन (सीजीडीएफ) ने आपत्ति जताई है। ज्वाइनिंग नहीं होने की वजह से संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि इस मामले में स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों से मिलकर समस्या के बारे में चर्चा की जाएगी।



### रिफंड में आई तकनीकी समस्या

काउंसिलिंग में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की पंजीयन राशि के रिफंड को लेकर एक बार फिर तकनीकी समस्या आ गई है। नीट पीजी 2024 की काउंसिलिंग में शामिल 1068 विद्यार्थियों में से केवल 70 की पंजीयन राशि वापस हो पाई है। शेष 998 लोगों को राशि तकनीकी समस्या की वजह से वापस नहीं की जा सकी है। शिकायतों के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा अब राशि वापसी के लिए ऑनलाइन आवेदन में दर्ज वैकल्पिक बैंक खाते का उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### मौना पंचमी पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सखी सहेली स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मौना पंचमी का व्रत रखा। इस मौके पर भगवान महादेव के साथ नाग देवता की पूजा अर्चना की। प्राची चंद्राकर ने बताया कि यह माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं ने इस दिन मौना पंचमी का व्रत रखती हैं और भगवान महादेव नाग देवता की विधिवत से पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही भगवान महादेव नाग देवता को घी, सूखे फल, फूल, माला, दूध आदि चढ़ाते हैं। सभी मनोकामना पूरी होते हैं। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, दुर्गा, कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन, दामिनी, बृजेश्वरी, दिनेश्वरी, हीरा आदि मौजूद रहे।

### रामसागर स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल पटेवा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर में मंगलवार को न्योता भोज हुआ। प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा द्वारा जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज कराया। सिन्हा ने बताया की न्योता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। समुदाय को शाला से जोड़ने की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। शादी, वैवाहिक, वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज त्योहार के महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्ण या आंशिक भोजन प्रदान कर बच्चों को न्योता भोज करा सकते है। इस आयोजन में संस्था के शिक्षक कोमल दीवान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, मिडिल स्कूल से प्रधान पाठक ऋषि पटेल, रविकांत गोस्वामी, मुरलीधर निषाद, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन यादव, उपाध्यक्ष कमल ध्रुव, शिक्षाविद अनिता यादव एवं सरपंच आशा बाई ठाकुर, पंच कामिन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष और पार्षदों ने षष्ठी मंदिर के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रांन्तर्गत स्थानीय सिविल लाइन षष्ठी मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूर्ण कार्य किये जाने के निर्देश व स्थल पर लगाए गए उद्यान लाइट का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा किया गया। इस दौरान षष्ठी मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक लाइट एवं लघु उद्यान व सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रगति रत है, इसके साथ ही मुख्य मार्ग में किए जा रहे सौंदर्य करण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।

वार्ड 19 एवं 20 में चल रहे निर्माण कार्य पर मंदिर का स्थान होने एवं सार्वजनिक भक्तगणों के लगातार आवागमन पर नगरपालिका द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रशंसा हो ऐसा प्रयास रहेगा, वह गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जाएगा।

इस संबंध में ठेकेदार को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले पार्षद ममता, सुभाष राव, सलमान शेख सुरेश घृतलहरे,गौतम चौहान,पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, गोविंद पात्रे रवि फेकर, वासु ठाकुर, रवि साहू, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य नागरीकगण उपस्थित थे।



**अच्छे से कार्य किए जाने निर्देशित किया**

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा नगर पालिका के द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ ही अच्छे से कार्य किए जाने निर्देशित किया भी किया गया। साथ ही 29 क्वार्टर सिविल लाइन के निकट स्थित मंदिर समिति की महिलाओं से भी चर्चा करते हुए मंदिर के सुधार संधारण की मांग के अनुरूप अति शीघ्र कार्य कराया जाने कहा गया, व मंदिर के पीछे प्राचीन कुआं को भी सफाई कराई जाने एवं संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा सरकार डाल रही जनता की जेब पर डाका : सुमित्रा घृतलहरे

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी पर कांग्रेस का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने मंगलवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, हितेंद्र ठाकुर, रूपेश ठाकुर के साथ सम्मिलित पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार पर बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर आम जनता और किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की साय सरकार ने डेढ़ साल के भीतर चौथी बार बिजली दरें बढ़ाकर जनता की जेब पर सीधा प्रहार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट और किसानों को सिंचाई पंपों के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने इसे किसान विरोधी कदम बताते हुए कहा कि पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान किसान अब और अधिक संकट में हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में हमेशा बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। 2003 से 2018 तक की रमन सरकार में घरेलू बिजली दरें 3.30 रुपये से बढ़कर 6.40 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गई थीं, जबकि कांग्रेस सरकार के पांच सालों में महज दो पैसे की वृद्धि हुई।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को दी गई राहत का उल्लेख करते हुए घृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस ने "हाफ बिजली बिल" योजना के तहत 65 लाख उपभोक्ताओं को 3240 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली, बीपीएल परिवारों को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली और अस्पतालों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली उपलब्ध कराई गई थी।उन्होंने भाजपा सरकार पर बिजली कटौती, स्मार्ट और प्रीपेड मीटर के नाम पर ज्यादा बिल वसूलने, सरकारी विभागों और चहेते उपक्रमों के बकाया बिलों की भरपाई आम जनता से करने और बिजली चोरी को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण कोयला, डीजल और परिवहन लागत बढ़ी है, जिसका असर उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है।

# नेवधा के आंबा केंद्र की हालत जर्जर, दीवारों में दरारें छत से टपक रहा पानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवधा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक - 1 की हालत बद से बदतर होती जा रही है। बच्चों के पोषण, देखभाल और शिक्षा के लिए बनाए गए इस केंद्र का भवन पूर्णतः जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। हालात इतनी खराब हो गई हैं कि अब यह भवन बच्चों और कार्यकर्ताओं की जान के लिए खतरा बन चुका है।

मानसून की शुरुआत के साथ ही भवन की छत से भारी सीपेज शुरू हो गई है। छत की प्लास्टरिंग पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह फफूंदी व सीलन फैल चुकी है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। यही नहीं, दीवारों में कई गहरी दरारें साफ नजर आ रही हैं जो भवन की संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी साव ने इस समस्या के निदान के लिए एप्लीकेशन जारी किया है और गांव के सचिव, सरपंच से भी प्रस्ताव रखा है, जिसका कार्य 1 हफ्ते के अंतर्गत प्रारंभ हो जाएगा, जिससे पुनः नई छत का नवनिर्माण किया जाए, जिससे इस भारी समस्या का निदान होगा जो किसी भी दिन बड़ा हादसा होने की चेतावनी दे रहा हैं। आंगनबाड़ी के सहायिका लीला साहू ने आंगनबाड़ी के सामने के टूटे हुए गेट को बदलकर नए गेट की मांग की, जिससे बच्चे आंगनबाड़ी से भाग के बाहर न जा सके। यदि यह समस्या समय रहते नहीं सुलझाई गई, तो न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि यह एक बड़ा हादसा भी बन सकता है। जिसकी पूरी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

# आदर्श स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



शासकीय आदर्श विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिला कर विद्यालय में स्वागत किया। तत्पश्चात पुस्तक एवं गणवेश का वितरण जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। साथ ही कक्षा पहली से 8वीं तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों का उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदीप सिंह भाटिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिमगा वार्ड 3, पार्षद सचिन जैन वार्ड 13 के पार्षद विष्णु जायसवाल एवं पूर्व एल्डरमेन दीनबंधु शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय में युक्तियुक्तकरण से आए शिक्षिका दास, निहारिका तिवारी, सुनील सोनी का अध्यक्ष हरदीप भाटिया एवं जनप्रतिनिधि द्वारा स्वागत किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम बेल का पौधा विद्यालय में लगाया गया। प्राथमिक विभाग संस्था प्रमुख ध्रुव द्वारा शाला परिसर में पेवर ब्लाक एवं नल कूप खनन की मांग की गई, जिसे पालिका अध्यक्ष भाटिया ने तुरंत स्वीकार करते हुए आज ही फाइल में नोट शीट चलाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सोनकर जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजवर्धन भोंसले, मनीषा पांडे, नजमुन्निशा शाह, श्रद्धा ताम्रकार, उत्तम जांगड़े, संगीता श्रीवास्तव, राजा कटारे, ख़ेमिन ध्रुव, सुनील सोनी उपस्थित रहे।

# पांच मिनट में रोपे गए पांच सौ पौधे



**पलारी।** नगर पंचायत पलारी में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर रोड डिवाइडर से बलौदाबाजार रोड तक डिवाइडर में नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने फूलदार पौधा रोपण किया गया। पौधा रोपण कार्यक्रम में नगरवासी, व्यापारी एक साथ संकेत मिलते ही अपने अपने व्यवसाय व निवास के सामने पांच मिनट में पांच सौ पौधारोपण किया, पौधारोपण कार्यक्रम में नगरवासीयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य सामूहिक प्रयास से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है जिसमें सब की सहभागिता जरूरी है। पौधारोपण कार्यक्रम में योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, इंद्रदेव वर्मा, नंद वर्मा, दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, झालू कन्नौजे, मनीष चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, शेखर वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, थाना प्रभारी हेमन्त पटेल, डॉ पंकज वर्मा, इंजीनियर दिव्या साहू, मनोज वर्मा, रज्जाक खान, यमलोक साहू, इंद्र कुमार वर्मा, पार्षदगण लेखु वर्मा, नारायण धीवर, स्कूली विद्यार्थी, नगरवासी और व्यापारियों ने पौधा रोपण किया।

# दिव्यांग बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण के लिये लगा विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




प्रधान जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लैंगिक उत्पीडन से संरक्षण के लिये बलौदाबाजार में संचालित किये जा रहे मनोविकास केंद्र में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मनोविकास केंद्र में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति हुई है जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। विशेष शिक्षकों से यह जानकारी प्राप्त की गई कि वह बच्चों को लैंगिक शिक्षा किस प्रकार प्रदान करते है। शिक्षकों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वह बच्चों को प्रशिक्षण दे सकें। सचिव के द्वारा यह भी बताया गया कि मनोविकास केन्द्र द्वारा अत्यंत सराहनीय कार्य किया जा रहा है, जिसमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षित किया जा रहा है एवं उनके स्वास्थ्य से संबंधित थेरेपी दी जा रही है, जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके और यह समाज में सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सके और समाज से उपेक्षित महसूस ना करें।

# प्रतिभावान एससी-एसटी छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



■ समाज ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का भी किया सम्मान और दी विदाई

अनुसूचित जाति और जनजाति संघर्ष समिति विकासखण्ड भाटापारा के तत्वावधान में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह, केरियर मार्गदर्शन एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को सह सम्मान विदाई दी गई। यह कार्यक्रम पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सुरखी रोड भाटापारा में हुआ। इसमें भाटापारा विकासखण्ड के विद्यालयों मे सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों जो एससी-एसटी वर्गों से है जो 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं उनका सम्मान किया गया तथा प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, डाक्टर, इंजीनियर इस सम्मान समारोह में शामिल होकर बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे आई.एस., आई.पी.एस. डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकारिता, नेवी, देश की सेवा आदि सेवा कार्य देने वाले विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

इस सम्मान समारोह में बच्चे अति उत्साह के साथ शामिल हुए और आगे चलकर अच्छे-अच्छे पदों में जाकर माता-पिता और देश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इस समारोह में 10वीं कक्षा से 45 बच्चे तथा 12वीं से 26 बच्चे शामिल हुए, जिसमें विकासखंड भाटापारा से कक्षा 10 वीं में प्रथम तीन सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र राहुल ध्रुव पिता रमेश ध्रुव 94.33 प्रतिशत, प्रांजल नेताम पिता पुरुषोत्तम नेताम 94.6 प्रतिशत, शशांक गर्ग पिता रमेश गर्ग 94 प्रतिशत, इसी प्रकार कक्षा 12वीं में विकास कुमार पिता प्रमोद कुमार कॉमर्स 91.6 प्रतिशत, अजीत कुमार पिता रामकुमार 90.8 प्रतिशत, संदीप बघेल पिता संजय बघेल 89.8 प्रतिशत प्राप्त कर सम्मानित हुए तथा कैरियर मार्गदर्शन प्राप्त किए। साथ ही समाज के दो अधिकारी जो पिछले महीने सेवानिवृत्त हुए करमन खटकर जो उपसंचालक के पद सेवानिवृत्त हुए तथा सी एस सांडे एडीओ पद से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को विदाई दी गई।

## पेज 11 के शेष

### रिश्वतखोरी : जांच ...

दिया गया था। मामला सामने आने के बाद 13 जुलाई की रात मेरे घर आकर अध्यक्ष चित्ररेखा साहू द्वारा दो हजार को वापस किया गया। ईश्वर साहू ने प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा पर आरोप लगाते हुए कहा कि आपके बच्चे का एडमिशन नहीं लूंगा कहते हुए अभद्र व्यवहार किया गया। सभी के समक्ष शिकायतकर्ता के किए गए पैसे की वापसी से स्पष्ट है कि इस स्कूल में एडमिशन के नाम पर रिश्वतखोरी का खेल चल रहा है। पालक लोकनाथ यदु का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य का पिछले 15 वर्षों से पैसे का लेनदेन का गोरख धंधा चल रहा है जो आज सभी के समझ स्पष्ट भी हो गए हैं। ऐसे प्राचार्य को तत्काल यहां से हटाया जाए। एक और शिकायतकर्ता अरुण कुमार साहू ने भी प्रभारी प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुलासा किया। जांच अधिकारियों के समक्ष जनप्रतिनिधियों एवं शिकायतकर्ता पालकों द्वारा जनभागीदारी अध्यक्ष और प्रभारी प्राचार्य के प्रति काफी आक्रोश देखा गया।इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसिहा की कृत्य को देखते हुए उनको सस्पेंड करने की बात कही।

### फर्जी मोबाइल सिम ...

किसके द्वारा उपयोग किया जा रहा है इस संबंध में कोई जानकारी नहीं होना बताया गया है। आरोपी द्वारा अपने सहयोगी के माध्यम से आवेदकों के नाम, आईडी एवं फोटो लगाकर सिम एक्टिवेट कर किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### मोदी की गारंटी ...

जिला महासचिव मनोज कुमार दुबे, सचिव फेडरेशन बलौदाबाजार प्रकाश कुमार तिवारी, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला बलौदाबाजार रमेश कुमार वर्मा, ब्लॉक संयोजक फेडरेशन रेडी राम साहू, ब्लॉक संयोजक फेडरेशन माखन चंद्राकर, प्रवक्ता जिला फेडरेशन विजय कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष फेडरेशन संतोष साहू, जिला उपाध्यक्ष फेडरेशन मालिक राम यादव, तहसील शाखा अध्यक्ष पीके हिरवानी, जिला अध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन आदि ने 16 जुलाई को आयोजित वादा निभाओ रैली को सफल बनाने कर्मचारी जगत से आह्वान किया है।

### साइबर ठगी के...

5 बैंक खाता धारकों के एकाउंट में देश के अलग-अलग राज्यों में हुए विभिन्न सायबर फ्राड का कुल रकम 3,20,948 को 5 खातों में प्राप्त किया है। उपरोक्त 5 बैंक खातों में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातों का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना, साथ ही इन खातों के संबंध में दिगर राज्यों में आनलाइन शिकायत भी पंजीबद्ध होना पाया गया है। टीआई शशांक सिंह ठाकुर ने बताया

संदिग्ध उक्त 5 बैंक खातों का उपयोग कर अवैध रूप से धन उगाही की कुल 5 म्यूल खाता धारको के विरूद्ध बीएनएस की धारा 315,317(2),317(4),61 (2)(ए),112 बीएनएस एवं 66(सी),66(डी) आईटी एक्ट के अंतर्गत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान उक्त बैंक के खाता धारकों से पुछताछ की गई, जिस पर खाता धारक आरोपीगण द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना तथा अपने बैंक खाता को किराये पर देने एवं कमिशन का रकम प्राप्त करना स्वीकार किये हैं।

### यातायात पुलिस ने ...

इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्रवाई में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 वाहन चालकों को कुल 1,06,000 का अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### कुर्रा में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 8 अगस्त से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कुर्रा रांवा में इस वर्ष भी श्रीराम कला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रक्षाबंधन अवसर पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 8 अगस्त एवं 9 अगस्त को किया गया है।

## मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में जानकारी दी

# डायरिया उन्मूलन जागरुकता कार्यक्रम : 265 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन







अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत डायरिया उन्मूलन माह के अवसर पर समीपवर्ती ग्राम परसवानी, सकलोर एवं कुथरौद के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को न केवल डायरिया बल्कि बरसात के मौसम में होने वाली अन्य आम बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, बुखार एवं मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि डायरिया मुख्यतः गंदगी के कारण होता है और यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैलता है। इससे शरीर में पानी की अत्यधिक कमी हो जाती है, जो गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है। विशेष रूप से छात्रों को स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, बासी एवं बाजार के खुले भोजन से परहेज, बारिश में भीगने से बचाव, तथा घर के आसपास सफाई रखने के महत्व पर जोर दिया गया। मलेरिया से बचने हेतु मच्छरों की उत्पत्ति पर रोकथाम एवं व्यक्तिगत सावधानियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में सामूहिक स्वास्थ्य सुधार और रोकथाम आधारित जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। इस जागरुकता अभियान से कुल 265 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण, सरपंच तथा ग्रामीण विकास विभाग से रामनिहोर साहू, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा और उमाशंकर धीवर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों ने किया डीईओ का स्वागत

**पलारी**। जिला के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे को बलौदाबाजार जिला में कार्यभार ग्रहण करने पर मोहन बंजारे के साथ शिक्षकों ने बधाई दी। डॉ. संजय गुहे पूर्व में सरगुजा जिले में जिला शिक्षा अधिकारी रह चुके हैं, अभी वे एससीईआरटी में प्राध्यापक थे। डॉ. संजय गुहे बीएड कालेज रायपुर में भी पदस्थ रहे हैं। मोहन बंजारे ने जब 2001 में बीएड में प्रशिक्षणरत थे, तब उनके प्राध्यापक रहे हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मोहन बंजारे, गणेश बघेल, एम मनहर, विजय बांधे, शत्रुघ्न बंजारे, कृष्णा जांगड़े, संत जलहरे सहित शिक्षकगण उपस्थित होकर नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

### गांव के विकास में अग्रणी सरपंच होंगे सम्मानित

**बलौदाबाजार**। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में सबसे खास सरपंच पहल की शुरुआत की है। इस पहल के माध्यम से न्युवोको राज्य के विभिन्न जिलों की लगभग 6 हजार पंचायतों तक पहुंचने की योजना बना रही है, जिससे ग्रामीण स्तर पर कंपनी की भागीदारी और पहचान और भी सशक्त होगी। इस अभियान के तहत उन सरपंचों को चयनित कर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने स्वच्छता, बुनियादी ढांचे के विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है। न्युवोको के हेड ऑफ मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस चिराग शाह ने बताया "छत्तीसगढ़ में 'सबसे खास सरपंच' अभियान की शुरुआत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह उन ग्राम प्रधानों के लिए एक आदरांजली है जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। यह न केवल न्युवोको ड्यूरा गार्ड सीमेंट की गुणवत्ता और दीर्घकालिक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि हमारे ग्रामीण साझेदारों के साथ एक स्थायी संबंध निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कुकराचुंदा में पांच लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन



**हथबंद**। सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकरचुंदा में मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा स्वीकृति सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास के घर के सामने एक पेड़ मां के नाम लगाया गया, जिसे देखरेख नियमित घर की जवाबदारी दी गई और कहा गया जितने भी प्रधानमंत्री आवास बने हैं वहां भी एक पेड़ मां के नाम लगाया जाए, जिसके बाद कुकराचुंदा पंचायत भवन में सभी अतिथियों का पेन भेंट कर सम्मान किया गया। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा व नवापारा हथबंद मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दीप्ति गोविंद वर्मा, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, अश्वनी झग्गर पाल, जीवन साहू, कुकराचुन्दा सरपंच राजकुमार ध्रुव, भैसा सरपंच भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरीश वैष्णव, मण्डी समिति अध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, शोसल मिडिया प्रभारी धनीराम रजक, मुलचंद टंडन, नरेश अनंत, संतराम ध्रुव, राम कुमार साहू, सुखराम साहू, मोहन साहू, नोहरी साहू, सोहन जोशी, जोगी सेन, नोहर पाल, विवेक पाल, खिलावन पांडे, डॉ.भुआरिया, महेन्द्र साहू, आनंद महाराज, रोजगार सहायिका रामेश्वरी साहू, सचिव महेश वर्मा, पंच पवन धिकडे, अजय यदु, संतोष साहू, जानकी साहु, बिसाहु साहू, मंशाराम वर्मा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सावन मास में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सावन मास की शुरुआत के साथ खरोरा नगर शिव भक्ति में रंगा हुआ है। वार्ड 6 स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। पं. बृजभूषण तिवारी द्वारा कथा वाचन में शिव-पार्वती विवाह की दिव्य कथा ने श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया। पंडित ने कथा में कहा कि उमा-महेश्वर स्वयं जगत माता-पिता हैं।

उनका विवाह ब्रह्मांड को लौकिक आनंद का बोध कराने हेतु सगुण रूप में हुआ। हिमाचल राज की पुत्री पार्वती और अजन्मा, निराकार शिव का यह पावन मिलन, समाज को धर्म और संस्कारों का अद्भुत संदेश देता है। इस भव्य आयोजन में ओमू देवांगन परिवार द्वारा कन्यादान की रस्म पूरी की गई। धर्मानुसार स्वर्ण, वस्त्र, अन्न, बर्तन, रुपए आदि का दान शिव चरणों में समर्पित किया गया। नगर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिव-पार्वती विवाह की झांकी में भाग लेकर नगर को भक्ति रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के दौरान भोलेनाथ की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु झांकियों के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन में वेद देवांगन, लोकेश देवांगन सहित अनेक भक्तगण सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

**शिव-पार्वती विवाह की भव्य झांकी से खरोरा हुआ शिवमय**





**सात दिवसीय आयोजन**

यह सात दिवसीय आयोजन 17 जुलाई तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन भव्य झांकियों और कथा वाचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिव महिमा का रसपान कराया जाएगा।

# नदी-नालों में बाढ़ के दौरान फिल्ड पर रहेंगे अफसर

**कलेक्टर ने विभागीय समीक्षा में तय समय - सीमा में गिरादावरी कार्य पूरा करने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बरसात में जिले के नदी-नालों एवं जलाशयों में जल भराव क़ी स्थिति को देखते हुए राजस्व अमले को फिल्ड पर एक्टिव रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जले में अतिवृष्टि के कारण नदी-नालों में जल भराव से कोई जन हानि या पशु हानि जैसे कोई घटना नहीं होनी चाहिए। एसडीएम व तहसीलदार सतत मॉनिटरिंग करें और मैदानी अमलों क़ो अलर्ट रखें। किसी भी प्रकार क़ी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को आगामी अक्टूबर तक पूर्ण कराने मिशन मोड़ में कार्य करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने सीमांकन, आरबीसी 6-4 एवं भू अर्जन के प्रकारणों के निराकरण में भी तेजी लाने कहा।

कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ सीजन 2025 में फसल गिरदावरी 1 अगस्त से 30 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने गिरदावरी कार्य हेतु पटवारियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने खराब एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जर्जर सड़कों के मरम्मत में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, धरती आबा अभियान, समय -सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित, एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अमन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रोपे फलदार और छायादार पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



अमन पब्लिक स्कूलमें पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का समावेश था। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम व जिम्मेदारी की भावना जागृत करना था। इस विशेष आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं अंजलि देवांगन, आकांक्षा देवांगन, लीना राजपूत, प्रगति देवांगन, यशोदा यादव, शालिनी जायसवाल, मोनिका साहू, दुर्गा वर्मा, दीपा देवांगन, पिंकी पटेल, ज्ञानेश्वरी पाल, जिज्ञासा वर्मा, टीना साहू, मोना नीलमलकर, पुष्प, प्रमोदिनी, उमेश एवं मनोज ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पर्यावरणीय पहल को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई और सभी विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# हथबंद-लावर तक बदहाल सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

**सीतापार से हथबंद तक नहीं हुआ अब तक निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

हथबंद से लावर तक की मुख्य सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुकी है। सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि अब यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। जगह-जगह उखड़ी डामर, गहरे गड्ढे और जलजमाव के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क के माध्यम से हथबंद से बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर आवाजाही होती है, इसलिए यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने बताया कि सीतापार से हथबंद तक का हिस्सा अब तक अधूरा है, जबकि दारचूरा से लावर तक नई सड़क बन चुकी है। यह असंतुलन लोगों में नाराजगी पैदा कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आधे हिस्से में सड़क निर्माण होना और आधे हिस्से का अब तक उपेक्षित रहना सरकार की अनदेखी को दर्शाता है। दरचुरा से लावर तक तो अच्छी सड़क बना दी गई है, लेकिन सीतापार से हथबंद का हिस्सा अब भी बेहाल है। आखिर इस हिस्से को कब सुधारा जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि सीतापार से हथबंद तक के सड़क मार्ग का भी जल्द निर्माण किया जाए और पूरे मार्ग को एक समान रूप से विकसित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुरक्षित हो सके।



# हायर सेकंडरी स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व साइबर जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत सोनाखान परियोजना के शहीद वीर नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाखान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्राओं को साइबर अपराध जैसे फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न से बचने के तरीके, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल दुनिया की चुनौतियों से अवगत कराने और साइबर फ्रॉड, अपराध से बचाव के तरीके एवं महिला हेल्पलाईन नं. 181, चाईल्ड हेल्पलाईन नं. 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस संबंध में छात्रों ने भी साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल किये, जिनका अधिकारीयों ने विस्तार से जवाब दिया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला साइबर अपराध प्रकोष्ठ प्रणाली वैद्य, जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, सोनाखान परियोजना अधिकारी चंद्रहास नाग, प्रिंसिपल केआर पटेल, शिक्षिका ज्योति सहित स्कूल की छात्राएं उपस्थित थीं।

# प्रशांत बने यादव समाज के प्रदेश संगठन मंत्री



**लवन**। सर्व युवा यादव समाज की बैठक में युवा प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए लवन से प्रशांत यादव को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया। साथ ही लोकेश यादव को प्रदेश महामंत्री, दिनेश यादव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, उमेश यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इन सभी के नियुक्ति पर बलौदाबाज़ार जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष यादव, पूर्व लवन मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लाहोद मंडल अध्यक्ष रामलाल कुर्रे, विकास अग्रवाल, चिचिरदा सरपंच जितेंद्र प्रभुवा, कसियारा सरपंच गोपाल पटेल, अमलकुण्डा सरपंच संजय निषाद,पैजनी सरपंच लुकेश्वर वर्मा, भद्रा सरपंच अश्वनी यादव, उत्तरा यादव,प्रमोद यादव, वीरेंद्र यादव, दिनेश यादव, रामाधार यादव,करन यादव,लालू यादव,अर्जुन यादव, सुरेंद्र यादव,बिहारी यादव, ज्ञानिक यादव, राहुल यादव, रंजीत यादव, यूरेश यादव, उमेश यादव, सुग्रीव यादव, ईशु यादव, रामचन्द्र यादव, जेठू यादव,नरेश यादव, डेरहा यादव, संतोष यादव, मनीष यादव, भूपेंद्र यादव, रितेश यादव,पिंटू यादव, भुनेश्वर, संजय, मन्नू, धन्नू आदि ने हर्ष व्याप्त है।

# शहर के चौक-चौराह बने मवेशियों के अखाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- साड़ों की लड़ाई राहगीरों लिए खतरा, हर वर्ग परेशान



शहर इन दिनों गोवंश पशुओं का अखाड़ा बना हुआ है। शहर के हर चौक चौराहे पर दर्जनों की संख्या में गोवंश पशुओं की उपस्थिति देखी जा सकती है। इनके झुंड के चलते राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कब किधर से कौन सांड बैल उठाकर पटक दे इसका कोई ठिकाना नहीं है। महिलाओं और बच्चों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों के लिए ये चौक चौराहे पर उपस्थित सांड बैल भारी आफ़त हैं।

हद तो तब हो जाती है जब ये आपस में लड़ाई ठान लेते हैं। एक-दूसरे को अपने सींगों से मारते ढकेलते हैं जिसकी चपेट में आकर दोपहिया वाहन सवारों के चोटिल और घायल होने की पूरी संभावना रहती है। कार एवं अन्य वाहनों को भी इनसे नुकसान पहुंचता है। पैदल भी घायल हो जाते हैं।ऐसा लगता है कि इस दिशा में जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं रहता जिसके कारण ऐसे पशुओं का जमावड़ा शहर में बढ़ता हीं जा रहा है। इनके कारण यातायात भी प्रभावित होता है एवं फल और सब्जी मार्केट में भारी दिक्कत होती है। शहर के बस स्टैंड, कृषि मंडी, सदर बाजार, महारानी चौक, सदर बाजार सब्जी मार्केट एवं लगभग सभी चौराहों एवं सड़कों पर इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। आम जनता इनकी भारी संख्या एवं आक्रामक रवैए से त्रस्त है।

नगरपालिका एवं संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से इस दिशा में समुचित क़दम उठाने की अपेक्षा है जिससे आम जनता एवं वाहन चालकों को राहत मिल सके।

### दो माह से बंद ट्यूबवेल जनसहयोग से सुधारा गया



**भाटापारा**। ग्राम पंचायत धुर्राबांधा के अटल चौक के पास 2 महीने से खराब सिंगल एचपी का ट्यूबेल को आसपास के लोगों का जनसहयोग लेकर बनवाया गया। आसपास के लोगों को काफी दिनों से जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। ट्यूबेल बनने पर लोगों में खुशी लहर देखी गई। वहीं पानी के संक्रमण से बचने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र धुर्राबांधा से क्लोरीन की टेबलेट डाली गई।

**सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए चलाया जा रहा है कार्यक्रम**

# पुलिस ने छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





सेक्रेड हार्ट स्कूल में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ मंगलवार को पुलिस बल द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बाएं दिशा का प्रयोग करें, चलने के लिए फुटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के रूप में बने जेब्रा क्रॉसिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रॉस करते समय यह भली-भांति देख ले की दाये-बाये से कोई वाहन, जानवर तो नहीं आ रहा है, सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े , वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रुकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें, उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे।

**नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए**

यातायात नियमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए, वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी पर जुर्माना किया जाता है। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चार पहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।

